This question paper contains 8 printed pages]

*Your Roll No*...............

**6375**

**LL.B./VI Term** **A**

Paper LB-601—PROFESSIONAL ETHICS, PLEADINGS, CONVEYANCING AND MOOT COURTS

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 100

(*Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.*)

*Note* :— Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt *Five* questions in all, selecting at least *one* question from each Part.

*All* questions carry equal marks.

प्रत्येक भाग से कम-से-कम एक प्रश्न चुनते हुए कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

**Part A**

**(भाग A)**

1. Explain the duties of an Advocate towards the court, the client and colleagues.

किसी अधिवक्ता के न्यायालय, मुवक्किल और सहकर्मियों के प्रति कर्त्तव्यों को स्पष्ट कीजिए ।

P.T.O.

2. What do you understand by the term 'Professional Misconduct'. Discuss with the help of decided cases.

'वृत्तिक अवचार' शब्दों से आप क्या समझते हैं ? विनिश्चित केसों की सहायता से विवेचन कीजिए ।

## Part B

## (भाग B)

3. Sushma, a teacher, got married to Rohan, an engineer, with DDA in 1998 in Delhi. Rohan was a widower at the time of marriage but did not disclose this fact to Sushma. Rohan suspected his wife of extramarital relations from the beginning of marriage. There is a break-down because of distrust and so both after having settled all claims want to file a consent petition for divorce. Draft a petition along with affidavits.

अध्यापक सुषमा ने 1998 में डी.डी.ए. में इंजीनियर रोहन के साथ दिल्ली में विवाह किया । विवाह के समय रोहन विधुर था किन्तु उसने इस तथ्य को सुषमा से उजागर नहीं किया । विवाह के प्रारंभ से ही रोहन अपनी पत्नी पर विवाहेतर सम्बन्धों का सन्देह करता था । अविश्वास के कारण सम्बन्ध टूट के कगार पर हैं । अत: दोनों सभी दावों को सुलझा लेने के बाद विवाह-विच्छेद के लिए सम्मति आधारित याचिका फाइल करना चाहते हैं, । याचिका तथा शपथ पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए ।

4. (*a*) Manish, the husband of Nirmla, apprehends arrest as his wife has lodged a complaint against him in the Crime Against Women Cell for demanding dowry. Draft an application for grant of anticipatory bail on his behalf.

निर्मला के पति मनीश को अपनी गिरफ्तारी की आशंका है क्योंकि उसकी पत्नी ने दहेज माँगने के कारण उसके विरुद्ध महिला विरुद्ध अपराध प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज कराई है । उसकी ओर से अग्रिम जमानत की मंजूरी हेतु अर्जी तैयार कीजिए ।

(*b*) Draft an application on behalf of 'X', who is a tenant of Y, for ad-interim injunction restraining 'Y' from forcibly dispossessing 'X' without due process of law since 'X' has made regular payments of rent upto date.

'Y' के किरायेदार 'X' की ओर से अंतरिम व्यादेश हेतु एक अर्जी तैयार कीजिए जिसमें 'Y' द्वारा 'X' को विधि की उचित प्रक्रिया अपनाए बिना बलात् बेदखल करने से अवरुद्ध किए जाने का अनुरोध किया गया हो क्योंकि 'X' ने अद्यतन किराये का नियमित भुगतान किया है ।

5. Hindustan Construction Pvt. Ltd. Company having its office at F-23, Kamla Nagar, Delhi 110007 entered into a contract with M/s Snowcem Pvt. Ltd. company having its office at A-6, Kamla Nagar, Delhi 110007 for the construction of the factory of M/s Snowcem Pvt. Ltd. Co. at Bawana Industrial Complex for a total cost of Rs. 30 lacs. The factory was constructed within stipulated period of time and possession was handed over on January 10, 2011. The builder company was paid Rs. 25 lacs upto November 2010. The balance payment of Rs. 5 lacs made by a cheque dated 10-1-2011 drawn on PNB, Roop Nagar Branch has been dishonoured on 3-3-2011. You being the advocate of M/s Hindustan Construction company, draft a suit for recovery of Rs. 5 lacs under order XXXVII of Civil Procedure Code, 1908.

हिन्दुस्तान कन्सट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी का F-23, कमला नगर, दिल्ली-110007 में कार्यालय है । इसने मैसर्स स्नोसैम, प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के साथ, जिसका कार्यालय A-6, कमला नगर, दिल्ली-110007 पर है, 30 लाख रुपए की कुल लागत पर बवाना इन्डस्ट्रियल कम्पलैक्स में इसकी फैक्टरी का निर्माण करने के लिए संविदा की थी । फैक्टरी का निर्माण अनुबद्ध समयावधि के भीतर कर दिया गया तथा 10 जनवरी, 2011 को उसका कब्जा सौंप दिया गया । नवम्बर, 2010 तक तक निर्माता कम्पनी को 25 लाख रुपए का भुगतान किया गया था । बकाया

राशि के 5 लाख रुपए के भुगतान के चेक को, जो पंजाब नेशनल बैंक की रूपनगर शाखा पर लिखा गया था, 3-3-2011 को अनादृत कर दिया गया । मैसर्स हिन्दुस्तान कन्सट्रक्शन कम्पनी के एडवोकेट होने के नाते आप सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश XXXVII के अन्तर्गत 5 लाख रुपए की वसूली हेतु वाद-पत्र तैयार कीजिए ।

## Part C

## (भाग C)

6. (*a*) 'X', the owner of a residential plot No. 2/20, measuring 200 sqms in Ramesh Nagar, New Delhi died intestate leaving behind A, his wife, B, his son and C, his daughter. B and C want to execute a relinquishment deed in favour of their mother relinquishing all their rights in the said property. Draft the requisite deed on their behalf.

रमेश नगर, नई दिल्ली स्थित 200 वर्ग मीटर के आवासीय भूखंड सं. 2/20 के मालिक 'X' की निर्वसीयती मृत्यु हो गई । उसने अपने पीछे विधवा A, पुत्र B तथा पुत्री C छोड़े हैं । B तथा C उक्त सम्पत्ति में अपने सभी अधिकारों का अधित्यजन करते हुए अपनी माँ के पक्ष में अधित्यजन विलेख निष्पादित करना चाहते हैं । उनकी ओर से अपेक्षित विलेख तैयार कीजिए ।

(*b*) Mr. Ram Kishan, a widower, the absolute owner of a 3 storeyed building constructed on a plot measuring 300 sqms has three sons X, Y, Z and a daughter D who is married and well settled in USA. X and Y residing in the building look after their father whereas Z settled in England has never to cared for his father. Ram Kishan wants to make his will giving two floors (G.F. and F.F.) to X and second floor to 'Y'. He does not want to give any portion to D and Z. Draft a suitable Will for him.

मि. रामकिशन विधुर है । वह 300 वर्ग मीटर के भूखंड पर निर्मित तीन-मंजिला भवन का पूर्ण स्वामी है । उसके X, Y, Z तीन पुत्र हैं तथा पुत्री D है जो विवाहित है तथा यू.एस.ए. में सुस्थापित हैं । उसी भवन में रह रहे X तथा Y अपने पिता की देखभाल करते हैं जबकि इंग्लैंड में बसे Z ने अपने पिता की कभी कोई परवाह नहीं की है । रामकिशन भवन के दो तल (भूतल व प्रथम तल) X को और एक तल (द्वितीय तल) Y को देते हुए 'विल' [illegible]पादित करना चाहता है । वह D तथा Z को भवन का काई हिस्सा नहीं देना चाहता है ।

उसके लिए एक उपयुक्त 'विल' तैयार कीजिए ।

7. A, B and C having studied together in 'Delhi College of Engineering intend to start a partnership business of leather goods under the name and style of M/s ABC Manufacturers with its office at 10, Shantiniketan, New Delhi. All of them have agreed to invest Rs. 20 lacs each towards capital investment. Also they have agreed to share profits and loss equally. Draft a suitable deed for them.

दिल्ली इंजीनियरिंग कॉलेज में एक साथ पढ़े A, B तथा C का इरादा मैसर्स ABC मैन्यूफैक्चरर्स के नाम तथा अभिनाम से चमड़े के सामान का भागीदारी कारोबार शुरू करना चाहते हैं जिसका कार्यालय 10, शान्तिनिकेतन, नई दिल्ली में होगा । पूँजीगत निवेश के रूप में उन सभी में से प्रत्येक 20 लाख रुपए का निवेश करने के लिए सहमत हो गया है । वे लाभ-हानि को भी समान शेयर में बाँटने के लिए सहमत हुए हैं । उनके वास्ते एक उपयुक्त विलेख तैयार कीजिए।

8. (*a*) Som Nath, the owner of a building, constructed on a land measuring 500 sqms at 342, Nishant Garden, New Delhi, has to leave urgently for USA and so wants to appoint and constitute his brother-in-law Shri Suresh as his attorney to ter into agreement to sell; to receive earnest money to receipt and execute sale deed of his house and do all such acts necessary for this sale on his behalf. Draft a suitabl deed on his behalf.

342, निशान्त गार्डन, नई दिल्ली में 500 वर्ग मीटर के भूखंड पर निर्मित एक भवन के स्वामी सोमनाथ को शीघ्र ही यू. एस. ए.जाना है । अत: वह अपने बहनोई श्री सुरेश को अपनी अटर्नी के रूप में नियुक्त करना तथा बनाना चाहता है ताकि वह विक्रय का करार कर सके, बयाने की राशि प्राप्त कर सके, रसीद जारी कर सके तथा उसके भवन का विक्रय विलेख निष्पादित कर सके और उसकी ओर से उक्त विक्रय की बाबत सभी जरूरी कार्रवाई कर सके। उसकी ओर से एक उपयुक्त विलेख तैयार कीजिए ।

(*b*) 'X' has let out his 1st floor to 'Y' on 1-3-2008 for a period of 3 years at a monthly rent of Rs. 3,400 only. The lease has expired on 28-2-2011. 'X' has approached you for serving a notice under Sec. 106 of Transfer of Property Act, 1882 to his tenant. Draft a notice on his behalf.

'X' ने 1-3-2008 को केवल 3,400 रुपए प्रतिमास पर तीन वर्ष की अवधि के लिए अपनी पहली मंजिल किराये पर दी थी । पट्टा–अवधि 28-2-2011 को समाप्त हो गई । X ने सम्पत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 106 के तहत अपने किरायेदार को नोटिस तामील किए जाने के लिए आपसे सम्पर्क किया है । उसकी ओर से नोटिस तैयार कीजिए ।